Bareilly, Tuesday,
1 July 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 14

दैनिक जागरण

NATIONAL DOCTORS' DAY

inext

PAGE NO : IV MIDDLE

# दूरबीन विधि से सर्जरी पर 50 परसेंट तक छूट

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (30 June):** 4 जुलाई को अपनी स्थापना के 23 वर्ष पूरे करने वाले एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में पहली जुलाई से 5 जुलाई तक दूरबीन विधि से ऑपरेशन के लिए मिनिमल इनवेसिव सर्जरी (दूरबीन विधि) कैंप का आयोजन किया जा रहा है. पांच दिन के इस कैंप के किसी भी दिन दूरबीन विधि से ऑपरेशन कराने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वालों को लेप्रोस्कोपिक, एंडोस्कोपिक, आर्थोस्कोपिक, रोबोटिक और लेजर सर्जरी पर 50 फीसद की छूट प्रदान की जा रही है. मरीज अपनी सुविधानुसार सर्जरी 5 जुलाई के बाद पूरे माह किसी भी दिन प्लान कर सकता है. यह बात एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कही. रजिस्ट्रेशन पर 50 फीसद की छूट गैस्ट्रो सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, कॉस्मेटिक सर्जरी, इंटरवेंशनल सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी, कार्डियक सर्जरी, जनरल सर्जरी, गायनी सर्जरी, नेत्र सर्जरी, आर्थोस्कोपी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, नाक, कान व गला सर्जरी जैसे विभागों में मान्य है. रजिस्ट्रेशन कराने वालों को लकी ड्रा भी शामिल होने का अवसर मिलेगा. इन 23 वर्षों में एसआरएमएस ने कई उपलब्धियां भी हासिल की हैं. इनमें 100 बेड का आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट, इनफर्टिलिटी सेंटर, अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ 110 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट का स्थापित होना, तीन दर्जन से ज्यादा सफल किडनी ट्रांसप्लांट, कोक्लियर ट्रांसप्लांट शामिल हैं.देश का प्रमुख कैंसर सेंटर है आरआर कैंसर इंस्टीट्यूटआदित्य मूर्ति ने बताया कि एसआरएमएस का ओंकोलॉजी विभाग आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के रूप में जाना जाता है.

